एक नजर

मारपीट में बुजुर्ग की मौत आठ गिरफ्तार

उतरौला-बलरामपुर। उतरौला ग्रामीण के रजया हरनीडीह में दो पक्षों के बीच हुए मारपीट में इलाज के दौरान राम प्यारे की मौत होने से अंतिम संस्कार करने को लेकर शनिवार को काफी गहमागहमी रही। परिजन आरोपि यों के खिलाफ कार्य वाही कराने,आरोपि यों के घर पर बुल डोजर चलाने व कुछ अन्य मांगों को पूरा होने तक अंतिम संस्कार न करने की अपने ही जिद पर अड़े रहे। स्थिति को गम्भीर देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल के साथ उपजिला धिकारी योगेन्द्र शरण शाह, क्षेत्राधिकारी डाक्टर जितेन्द्र कुमार व राजस्व विभाग के कर्मी मौके पर सुबह से ही जुट गए थे। मृतक के प्रपौत्र अरविन्द यादव के साथ परिवार के लोग पुलिस व प्रशासन से अपनी मांगों के सम्बन्ध में लिखित आश्वासन चाह रहे थे। सुबह नौ बजे से दोनों पक्षों के बीच बना गतिरोध शाम तीन बजे तब समाप्त हुआ जब प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि घटना में नामजद सभी आठों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए पुलिस मामले में निष्पक्ष और ठोस आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल करेगी, जिस जमीन के चलते इतना बड़ा विवाद हुआ है। उसकी शीघ्र ही पैमाइश कराकर हिस्से कोअलग अलग दिए जाएंगे, ताकि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो। उधर घटना के बाद आरोपियों को गांव मे लाकर आला कत्ल व लाठी आदि की बराम दगी भी पुलिस ने शनिवार को कर ली है। आरोपियों के घरों पर ताला लगा हुआ था, और पालतू मवे शियों के चारा-पानी की समस्या को देखते हुए उपजिलाधिकारी ने दो गोवंशों को पशु आश्रय स्थल में भेजने का निर्देश दिया। मृतक के परिवारीजन प्रशासन की कार्यवाही से सन्तुष्ट होने के बाद अन्तिम संस्कार के लिए तैयार हो गए थे और शाम लगभग पांच बजे राम प्यारे के शव को उनके पैतृक जमीन में दफनाया गया है।

हजरत फातिमा जेहरा की शहादत में निकला मजलिस का जुलूस

उतरौला-बलरामपुर। पिछले दस दिनों से हजरत फात्मा जेहरा की शहादत के सिल सिले में अय्याम- ए- फातमिया का दौर जारी है। शिया सम्प्र दाय रसूल की इकलौ ती बेटी हजरत फात्मा जेहरा की शहादत के सिलसिले में एक मजलिसें अजा की गई। इसी सिलसिले में एक मजलिस बीती रात्रि हुई, जिसके उपरान्त हजरत फात्मा जेहरा की शहादत पर एक जुलूस इमाम बाड़ा तौकीर हुसैन से निकला गया, जिसमें सैकड़ों अजादार लोग सम्मिलित हुए।लोगों ने काले वस्त्र धारण कर नोहे और सीना जनी के जरिए गम का इजहार किया। जुलूस अपने मुख्य मार्गों से होकर कस्बा चौकी से होते हाटन तिराहा, नेहरू क्रॉस, गांधी पार्क के सामने से होकर मोहल्ला रफी नगर पूर्वी हलवाई की गली से होते हुए इमामबाड़ा मीर नाजिम हुसैन में आकर सम्पन्न हुआ। जुलूस में स्थानीय अंजुमन कमरे बनी हाशिम के साहब- ए-बयाजो शारिब रिजवी,अली जाफरी, जाफर रिजवी, शह जादे जाफरी ने नोह ख्वानी की, जिस पर अंजुमन के सदस्यों शहंशाह जाफरी, अफजल जाफरी, फजल जाफरी, शम्मू रिजवी, रजा रिजवी, अम्मार रिजवी, माही रिजवी, फहीम रिजवी सलमान रिजवी, आमिर जाफरी, एस. आमिर, मुसैय्यब जाफरी, अनुष जाफरी, समन खान, सैफ रिजवी, खुशहाल रिजवी, शव्वाल रिजवी, इफ्फू जाफरी, अम्बर रिजवी, तालिब रिजवी आदि ने सीनाजनी की।

विश्व मधुमेह दिवस पर मेडिकल कॉलेज बहराइच में आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम



बहराइच। विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर महाराजा सुहेल देव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं महर्षि बालार्क चिकित्सालय, बहराइच में प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. संजय खत्री के मार्गदर्शन में जागरूकता एवं स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. संजय खत्री ने मधुमेह (डायबिटीज) के बारे मे जानकारी देते हुए कहा की मधुमेह एक गंभीर लेकिन नियंत्रित की जा सकने वाली बीमारी है। नियमित व्यायाम, संतुलित खानपान, समय-समय पर ब्लड शुगर की जांच तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर इससे बचाव एवं नियंत्रण किया जा सकता है।इस अवसर पर जनरल मेडिसिन विभाग के सहायक आचार्य डॉ. एम.एम.एम. खान ने मधुमेह के लक्षणों, कारणों, बचाव एवं उपचार के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि नियमित स्वास्थ्य जांच और चिकित्सकीय परामर्श से मधुमेह की जटिलताओं से बचा जा सकता है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने भी मधुमेह से बचाव के लिए जागरूकता, नियमित जांच एवं समय पर उपचार के महत्व पर प्रकाश डाला।

17 से 19 नवंबर तक लगेगा वृहद ऋण वितरण शिविर

बहराइच। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के युवाओं को स्वरोजगार एवं उद्यम स्थापना के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 17 से 19 नवंबर 2026 तक वृहद ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

शिविर के दौरान योजना के अंतर्गत पात्र अभ्यर्थियों के नए आवेदन तैयार कराए जाएंगे। साथ ही पूर्व में किए गए आवेदनों में पाई गई त्रुटियों का निराकरण कराकर बैंकों के माध्यम से ऋण स्वीकृत कराया जाएगा। इस शिविर में समस्त बैंकों के जिला समन्वयक तथा प्रोसेसिंग सेल के अधिकारी प्रतिभाग करेंगे। शिविर का उद्देश्य पात्र युवाओं को ऋण स्वीकृति की प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करना तथा उन्हें स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करना है। जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र की ओर से पात्र अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथियों में शिविर में पहुंचकर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना का लाभ उठाएं।

मेडिकल कॉलेज में नौकरी दिलाने के नाम पर 10 लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

गोण्डा। मेडिकल कॉलेज में पति-पत्नी को नौकरी दिलाने का सुनहरा सपना दिखाकर 10 लाख रुपये की ठगी करने के आरोपी को नगर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने दोनों को डार्क रूम सहायक के पद पर नियुक्त कराने का भरोसा दिलाया था। इसके एवज में पीड़ित से किस्तों में मोटी रकम वसूलने के बाद कथित तौर पर फर्जी नियुक्ति पत्र भी थमा दिया। मामले में गिरफ्तारी के बाद पुलिस आरोपी के अन्य कारनामों की भी पड़ताल कर रही है।पुलिस के मुताबिक, गायत्रीपुरम, सिविल लाइन निवासी अजीत सिंह ने नगर कोतवाली में दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि अभिषेक दूबे नामक व्यक्ति ने उसे विश्वास में लेकर मेडिकल कॉलेज गोण्डा में उसे और उसकी पत्नी को डार्क रूम सहायक के पद पर नौकरी दिलाने का झांसा दिया। इसके बदले दोनों की नौकरी के लिए कुल 10 लाख रुपये की मांग की गई।आरोपी के झांसे में आकर पीड़ित ने 25 नवंबर 2024 से 20 मई 2025 के बीच अलग-अलग किस्तों में ऑनलाइन कुल 4,58,800 रुपये का भुगतान कर दिया, जबकि शेष धनराशि नकद दी गई। रकम लेने के बाद आरोपी ने उसे कथित नियुक्ति पत्र भी उपलब्ध करा दिया।

नौकरी मिलने की उम्मीद लेकर जब पीड़ित नियुक्ति पत्र लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचा तो वहां संबंधित कर्मचारियों ने उसे फर्जी बताते हुए ऐसी किसी भी नियुक्ति से इनकार कर दिया। इसके बाद पीड़ित को अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ और उसने पुलिस से शिकायत की।तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। इसी क्रम में शनिवार को नगर कोतवाली पुलिस ने अभिषेक दूबे पुत्र स्वर्गीय कैलाश दूबे निवासी ग्राम आजमपुर, थाना कंधरापुर, जनपद आजमगढ़ को लोलपुर पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया।आरोपी की गिरफ्तारी में उपनिरीक्षक शुभांशु पाठक तथा कांस्टेबल विशाल यादव और शैलेन्द्र कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अब इस बात की भी जांच कर रही है कि आरोपी ने कहीं अन्य लोगों को भी नौकरी दिलाने का झांसा देकर अपना शिकार तो नहीं बनाया है।

बाल दिवस पर दयानंद विद्यालय में लगा बाल मेला



करनैलगंज, गोण्डा। बाल दिवस के अवसर पर नगर के दयानंद बाल मंदिर उ. मा. बालिका विद्यालय में बच्चों द्वारा बाल मेले का आयोजन किया गया। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस के अवसर पर शनिवार को नगर के दयानंद बाल मंदिर उ.मा. बालिका विद्यालय में बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक शिवनंदन वैश्य ने दीप प्रज्वलित करके किया। मेले में बच्चों ने जहां विभिन्न प्रकार के हस्तशिल्पों की प्रदर्शनी लगायी थी वहीं खान-पान के विभिन्न स्टॉल भी सजाये थे। विद्यालय के अध्यापक अध्यापिकाओं की देख-देख में आयोजित इस मेले में बच्चों ने खूब मस्ती की और अपने विभिन्न खाद्य पदार्थों का विक्रय भी किया। मेले में कहीं गुलाब जामुन बन रहे थे तो कहीं रसगुल्ले, ब्रेड पकोड़े बन रहे थे तो कहीं बर्गर, कहीं पापकार्न बन रहा था तो कहीं मक्खन बड़ा, पापड़ी चाट, गोलगप्पे आदि अन्य खाद्य सामग्री। बच्चों और उनके अभिभावकों ने मेले में जमकर खरीदारी करके बच्चों का उत्साह वर्धन किया। मेले की व्यवस्था में विष्णु प्रताप वर्मा, राम कुमार, सचिन बाजपेई, कौतुक गुप्ता आदि का विरोध सहयोग रहा। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक शिवनंदन वैश्य, प्रधानाचार्या श्रीमती अर्चना सक्सेना उप प्रधानाचार्य कमल किशोर कसेरा सहित पूरा विद्यालय स्टाफ मौजूद रहें

छठ महापर्व को लेकर डीएम और एसपी ने किया घाटों का निरीक्षण



अम्बेडकरनगर। छठ महापर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी ईशा प्रिया और पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने शनिवार को आलापुर तहसील क्षेत्र के विभिन्न घाटों का स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों ने चहौड़ा घाटए रामबाग घाट और राजेसुल्तानपुर स्थित कम्हरिया घाट सहित अन्य घाटों पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए की जा रही तैयारियों का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को घाटों पर साफसफाई पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था बैरिकेडिंग और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम समय से पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु घाटों पर पहुंचते हैं। ऐसे में उनकी सुविधा और सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।डीएम ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने और घाटों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न होए इसके लिए सभी व्यवस्थाएं समय रहते दुरुस्त कर ली जाएं।

रोडवेज बस व स्कूटी के टक्कर में एक घायल

श्रावस्ती।थाना गिलौला क्षेत्र अन्तर्गत में एन एच - 730 मार्ग पर गोंडरी भारत गैस एजेंसी के पास रोडवेज बस और स्कूटी की टक्कर हो गई। हादसे में स्कूटी सवार व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया।घायल व्यक्ति गुफरान उम्र 32 वर्ष बहराइच जिले के रहने वाले हैं। सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिलौला ले गई।सीएचसी में उनका प्राथमिक उपचार किया गया। बताया गया कि उनका हाथ टूट गया है और शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें आई हैं।

थाना दिवस में डीएम और एसपी ने आलापुर थाने पर सुनीं फरियादियों की समस्याएं

अम्बेडकरनगर। थाना दिवस के अवसर पर शनिवार को जिलाधिकारी ईशा प्रिया और पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने थाना आलापुर में जनसुनवाई की। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों की समस्याओं और शिकायतों को अधिकारियों ने गंभीरता से सुना।

दोनों अधिकारियों ने शिकायतकर्ताओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व और पुलिस विभाग से संबंधित मामलों में दोनों विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें। आवश्यकता पड़ने पर संयुक्त टीम गठित कर संबंधित प्रकरणों का मौके पर स्थलीय निरीक्षण किया जाए और निष्पक्षता के साथ शिकायतों का समाधान कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

ई-रिक्शा और ऑटो चालकों की आंखों की हुई जांच

गोण्डा। सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यातायात माह के तहत यातायात पुलिस ने मेडिकल कॉलेज में विशेष नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया। शिविर में क्षेत्राधिकारी यातायात की उपस्थिति में प्रभारी यातायात ने जनपद के 50 ई-रिक्शा एवं ऑटो चालकों की आंखों की जांच कराई।नेत्र परीक्षण के माध्यम से चालकों की दृष्टि क्षमता का आकलन किया गया, ताकि आंखों की रोशनी में कमी अथवा दृष्टि संबंधी किसी अन्य समस्या के कारण वाहन संचालन के दौरान होने वाली संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके। इस दौरान चालकों को सुरक्षित एवं जिम्मेदार वाहन संचालन के प्रति जागरूक करते हुए यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने, वाहन चलाते समय विशेष सतर्कता बरतने तथा नियमित रूप से आंखों की जांच कराने की सलाह दी गई।यातायात पुलिस ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल यातायात नियमों के पालन तक सीमित नहीं है, बल्कि वाहन चालक की शारीरिक और मानसिक सजगता के साथ उसकी दृष्टि क्षमता भी दुर्घटनाओं की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक झिंगहा घाट का संयुक्त निरीक्षण कर तैयारियों का लिया गया जायजा



बहराइच। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा छठ महापर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत संयुक्त रूप से झिंगहा घाट का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद, क्षेत्राधिकारी नगर सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा घाट पर श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के दृष्टिगत साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पेयजल, आवागमन के मार्गों एवं पार्किंग व्यवस्था का जायजा लिया गया। साथ ही श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन एवं निगरानी के लिए किए गए प्रबंधों की समीक्षा की गई तथा संबंधित को निर्देशित किया गया कि सभी प्रमुख एवं संवेदनशील घाटों पर पर्याप्त पुलिस बल एवं महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। घाट पर प्रवेश एवं निकास की व्यवस्था सुव्यवस्थित रखी जाए तथा सुरक्षा एवं निगरानी हेतु राजस्व एवं अन्य संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित किया जाए। जलाशयों में गहरे पानी वाले स्थानों को चिन्हित कर वहां बैरिकेडिंग एवं चेतावनी संकेतक लगाए जाएं आवश्यकतानुसार नाव, गोताखोर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित रखी जाए। किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु चिकित्सा सहायता एवं एंबुलेंस की उपलब्धता भी सुनिश्चितकी जाए।यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने हेतु निर्धारित मार्गों एवं पार्किंग स्थलों की समुचित व्यवस्था करने तथा वाहनों के आवागमन को नियंत्रित करने के निर्देश दिए गए, जिससे श्रद्धालुओं को आवागमन में असुविधा न हो और जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। इसके अतिरिक्त घाटों एवं आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, विद्युत सुरक्षा एवं स्वच्छता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर शेष तैयारियां समय से पूर्ण करने तथा पर्व के दौरान निरंतर भ्रमणशील रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी करने हेतु निर्देशित किया गया, ताकि छठ महापर्व सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जा सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा श्रद्धालुओं से अपील की गई कि छठ महापर्व पर निर्धारित एवं सुरक्षित घाटों पर ही मनायें, जल में उतरते समय विशेष सावधानी बरतें, बच्चों का विशेष ध्यान रखें तथा सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के संबंध में पुलिस-प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन भी करें।

बच्चों के प्रतिभा को प्रोत्साहित करने से उनमें शिक्षा का संस्कार परिलक्षित होता है-अदनान फिरोज



तुलसीपुर-बलरामपुर। बाल दिवस के अवसर पर स्थानीय ड्रीम एजुकेशनल एकेडमी में आयोजित भव्य बाल मेले में बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और रचनात्मकता का शानदार संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अदनान फिरोज ने फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया। बच्चों की ओर से सजाई गई आकर्षक दुकानों और ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी को देखकर वह खासे प्रभावित हुए और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। मेले में छात्र-छात्राओं ने चाट-पकौड़ी, मैगी, चाऊमीन सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों की दुकानें सजाकर अपनी व्यावहारिक समझ और उद्यमशीलता का परिचय दिया। वहीं पुस्तक प्रदर्शनी में आध्यात्मिकता और जीवन जीने की कला से संबंधित पुस्तकों ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। विद्यार्थियों ने दुकान सजाने से लेकर खरीदारी और बिक्री तक की जिम्मेदारी पूरे आत्मविश्वास के साथ निभाई। इस दौरान छात्रा अंजली जोगी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता पर आधारित आकर्षक प्रदर्शनी प्रस्तुत की। बच्चों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न मॉडल और रचनात्मक प्रस्तुतियां मेले का विशेष आकर्षण रहीं। राजदीप, आनंद तिवारी, संध्या चौरसिया, सृष्टि, वामिका, आदित्य और संजय सहित अन्य विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। **बच्चों के हुनर को मिला अदनान फिरोज का प्रोत्साहन**बच्चों की मेहनत और प्रतिभा की सराहना करते हुए मुख्य अतिथि अदनान फिरोज ने प्रतिभागी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया तथा मेडल पहनाकर उनका उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि बच्चों में छिपी प्रतिभा को पहचानना और उसे उचित मंच देना बेहद जरूरी है। ऐसे आयोजन बच्चों को किताबी ज्ञान से आगे बढ़कर आत्मनिर्भरता, नेतृत्व क्षमता, आपसी सहयोग और व्यावहारिक जीवन का अनुभव प्रदान करते हैं।अदनान फिरोज ने विद्यालय प्रबंधक रजनीश गुप्ता से प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी बच्चों को विशेष कोचिंग की सुविधा उपलब्ध कराने की बात भी कही, ताकि उनकी प्रतिभा को और निखारकर भविष्य की बेहतर संभावनाओं से जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि आज के बच्चे ही कल का भविष्य हैं। यदि उन्हें समय रहते प्रोत्साहन, मार्गदर्शन और उचित अवसर मिले तो वे हर क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना सकते हैं। बाल दिवस पर आयोजित इस मेले ने बच्चों को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर दिया। अभिभावकों और शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना की। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

एक नजर

बाल दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का किया गया आयोजन



श्रावस्ती। बाल दिवस पर जिले भर के अलग-अलग स्कूलों में विभिन्न प्रतियोगिताओं व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों को शैक्षिक सामग्री बांटी गई। खेलकूद और मनोरंजक गति विधियां भी हुई। बच्चों ने स्टॉल लगाकर अपनी प्रतिभा दिखाई। लक्ष्मणपुर बाजार के राजेश्वरी देवी लिटिल फ्लावर स्कूल में पूर्व ब्लॉक प्रमुख मधु सत्या ने 240 बच्चों को ज्योमेट्री बॉक्स दिए। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक आदर्श श्रीवास्तव सहित स्कूल स्टाफ और क्षेत्र के लोग मौजूद रहे। वहीं द हंस फाउंडेशन ने जिले के सभी विकासखंडों में बाल दिवस कार्यक्रम किए। कार्यक्रम की शुरुआत गिलौला विकासखंड के कंपोजिट विद्यालय भौंसावा से हुई। राज्य संसाधन समूह (एसआरजी), बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश के सदस्य प्रशांत मिश्रा और राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षक अनूप त्रिपाठी ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। बच्चों ने स्टॉल लगाकर अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और व्यावहारिक कौशल दिखाया। अधिकारियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने स्टॉल से सामान खरीदा। बच्चों ने खेलकूद और मनोरंजक गतिविधियों में भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में द हंस फाउंडेशन ने बच्चों को स्टेशनरी किट बांटी।

चोरों ने घर का ताला तोड़कर लाखों रुपए के सामान पर किया हाथ साफ

श्रावस्ती। थाना कोतवाली भिनगा क्षेत्र के लालपुर अयोध्या गांव में चोरों ने बंद मकान को निशाना बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। विमला देवी पत्नी जिलेदार करीब तीन दिन पहले घर में ताला लगाकर अपने मायके धोबहा धर्मपुर गई थीं। उनका बेटा भी घर पर मौजूद नहीं था। इसी का फायदा उठाकर चोर मकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे और अलमारी व बक्से के ताले तोड़कर बेटी और बहू के जेवरात समेत कीमती सामान उठा ले गए।शनिवार सुबह करीब 11 बजे गांव के बाहर खेत की तरफ गए ग्रामीणों को एक बक्सा और सूटकेस पड़ा दिखाई दिया। आसपास जानकारी करने पर विमला देवी के घर का ताला टूटा मिला और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। ग्रामीणों ने फोन कर उनके बेटे को चोरी की जानकारी दी। बेटे ने अपनी मां को सूचना दी, जिसके बाद वह घर पहुंचीं। पीड़िता विमला देवी ने बताया कि वह तीन दिन पहले मायके गई थीं। घर पहुंचने पर अलमारी और बक्से के ताले टूटे मिले। बेटी और बहू के जेवरात समेत अन्य कीमती सामान गायब था। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी।

सीडीओ शाहिद अहमद का हुआ तबादला , शिशिर कुमार सिंह होंगे नये सीडीओ

श्रावस्ती।मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद का तबादला हो गया है है। उन्हें डॉ. राम मनोहर लोहिया उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी में अपर निदेशक बनाया गया है। उनकी जगह अलीगढ़ में संयुक्त मजिस्ट्रेट शिशिर कुमार सिंह श्रावस्ती के नए सीडीओ बनाया गया है। आईएएस अधिकारी शाहिद अहमद ने 21 अप्रैल 2025 को श्रावस्ती के सीडीओ का पद संभाला था। उन्होंने करीब एक साल सात महीने तक जिले में विकास कार्यों, सरकारी योजनाओं और प्रशासनिक समन्वय की जिम्मेदारी निभाई। वह भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2021 बैच के अधिकारी हैं।अपने कार्यकाल में शाहिद अहमद ने आकांक्षी जिला श्रावस्ती में विकास योजनाओं को आगे बढ़ाने और ग्रामीण इलाकों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने जिलाधिकारी के साथ विकास और राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठकों में हिस्सा लिया। मई 2026 में जिले ने विकास और राजस्व कार्यक्रमों की रैंकिंग में संयुक्त रूप से सातवां स्थान हासिल किया था।

बाल दिवस के रूप मे धूमधाम से मनाया गया चाचा नेहरू का जन्मदिन



कैसरगंज,बहराइच। बाल दिवस के अवसर पर स्थानीय कंचन कान्वेंट स्कूल कैसरगंज में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये गए । इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विद्यालय प्रबंधक एम श्रीवास्तव ने चाचा नेहरू के चित्र पर पुष्प माला अर्पित किया तथा नेहरू जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नेहरू जी बच्चों से अगाध प्रेम करते थे इसलिए ही उनके जन्मदिवस को बाल दिवस के रूप में मनाते है।सभी बच्चे उन्हें प्यार से चाचा कहकर पुकारते थे। बच्चे देश का भविष्य होते है इन्हें देखरेख और प्यार की विशेष आवश्यकता होती है। कक्षा नर्सरी के छात्र-छात्राओं की दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई।इस प्रतियोगिता में सफल बच्चों को विद्यालय प्रबंधक की ओर से उपहार देकर पुरस्कृत किया गया।कक्षा तीन में एक चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।इसमे इशिता कौशल, गौसिया खान, वैष्णवी यादव, इरा शर्मा को शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया।

सैनिकों के कल्याण को लेकर योगी सरकार का बड़ा तोहफा अंबेडकरनगर में सैनिक कल्याण कार्यालय व विश्राम गृह का लोकार्पण

अम्बेडकरनगर। पूर्व सैनिकों वीर नारियों और उनके आश्रितों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में शनिवार को एक महत्वपूर्ण पहल हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेरठ में आयोजित पूर्व सैनिक रैली के अवसर पर अंबेडकरनगर में नवनिर्मित जिला सैनिक कल्याण कार्यालय एवं सैनिक विश्राम गृह का वर्चुअल लोकार्पण किया। इस अवसर पर जिले में आयोजित कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य और पूर्व सांसद रितेश पांडेय मौजूद रहे। पूर्व सैनिकों वीर नारियों सैनिक परिवारों और जनपदवासियों को बधाई देते हुए इस सौगात के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया।नवनिर्मित भवन का निर्माण 432ण्43 लाख रुपये की लागत से कराया गया है।भूमि की स्वीकृति 31 अक्टूबर 2023 को अयोध्या मंडल के आयुक्त की ओर से प्रदान की गई थी। निर्माण कार्य के लिए नौ सितंबर 2024 को प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति मिली। 17 दिसंबर 2024 को भूमि पूजन के बाद तीन जनवरी 2025 को तकनीकी स्वीकृति प्राप्त हुई और मार्च 2025 में निर्माण कार्य शुरू हुआ। निर्माणदायी संस्था यूपीसीडा ने भवन का निर्माण पूरा कर 12 जून 2026 को नवनिर्मित भवन उससे संबंधित इन्वेंट्रीजिला सैनिक कल्याण कार्यालय को हस्तांतरित कर दी थी। इस भवन के शुरू होने से पूर्व सैनिकोंए वीर नारियों और उनके आश्रितों को सैनिक कल्याण से संबंधित कार्यों के लिए बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। लोकार्पण के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के हित में तीन महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं। वीरता पुरस्कार विजेताओं को मिलने वाली वार्षिकी की धनराशि दोगुनी करने के साथ एकमुश्त वार्षिकी में भी वृद्धि की घोषणा की गई।

सूचना

मेरा नाम गुलाबी देवी उर्फ गुलबिया है, जबकि मेरे समस्त अभिलेखों एवं दस्तावेजों में मेरा नाम गुलाबी देवी दर्ज है। बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा सराय अली में मेरे बैंक खाता संख्या 482101 00001402 में घरेलू नाम गुलबिया दर्ज हो गया है। अतः मुझे मेरे अभिलेखों के अनुसार गुलाबी देवी के नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

प्रार्थिनी-गुलाबी देवी उर्फ गुलबिया पत्नी रामनिवास ग्राम मंझारा तौकली ग्यारह सौ रेती, तहसील कैसरगंज, बहराइच।